हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


4 स्कूल बंद होने से पालकों में आक्रोश पालकों ने दी आंदोलन की चेतावनी






## खबर संक्षेप



### द्रोपदी फाउंडेशन की पहल से पौधरोपण शुरू

**रायगढ़।** बारिश के मौसम में विगत दस वर्षों से अनवरत शहर की सुप्रसिद्ध संस्था रामदास द्रौपदी फाउंडेशन की अभिनव पहल से चेयरमैन सुनील रामदास अग्रवाल के विशेष मार्गदर्शन में टीम पर्यावरण गतिविधि चेयरमेन एमजेएफ लॉयन दयानंद अवस्थी व टीम प्रमुख राम यादव के सानिध्य में सभी सदस्यगण पूरे शहर व जिले में विभिन्न स्थानों में जाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन करते हैं। साथ ही इस महाअभियान में समाज के लोग भी पवित्र मन से जुड़कर कार्यक्रम को भव्यता देते हैं। इसी महाअभियान के अंतर्गत इस बार शहर की संस्था लॉयंस क्लब मिड टाउन अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल व रामदास द्रोपदी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज से महावृक्षारोपण अभियान का आगाज शहर के निगम परिसर में सभापति डिग्री लाल साहूए पार्षद सुरेश गोयल व पार्षद पूनम सोलंकी ने सुबह साढ़े दस बजे हरी झंडी दिखाकर टीम के सदस्यों को रवाना किया। वहीं इस नेक पहल के लिए सभापति डिग्री लाल साहू, पार्षद सुरेश गोयल ने रामदास द्रोपदी फाउंडेशन के चेयरमेन लॉयन सुनील रामदास और लॉयंस क्लब मिडटाउन अध्यक्ष लॉयन ओमप्रकाश अग्रवाल को विशेष बधाई व शुभकामनाएं दी और निगम की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### सहकारिता दिवस पर किया पौधरोपण



**खरसिया।** भारत देश में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जा रहा है सहकारिता दिवस उपलक्ष में। सहकारिता समिति बरगढ़ अपेक्स बैंक में पौधरोपण कर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया बढ़ते धूप और तापमान को देखते हुए पौधरोपण है जरूरी जिसमें कई वृक्ष आधार फलदार पौधे लगाए गए पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित जिसमें मुख्य अतिथि अपेक्स बैंक के प्रबंधक राजीव कुमार दुबे एवं सुपरवाइजर गगन चंद्राकर एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी के आर देवांगन, युवा मोर्चा जोंबी मंडल प्रभारी जयप्रकाश डनसेना, समिति अध्यक्ष छत्तर सिंह सिदार, जगत राम पटेल एवं किसान गढ के साथ समिति के प्रभारी सहायक प्रबंधक शंभू चौहान, भोला जायसवाल सहित कर्मचारीयो उपस्थित होकर पौधरोपण एवं अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया।

# स्वराज बना सीए परीक्षा का सितारा, देशभर में हासिल की 6वीं रैंक

## रायगढ़ के स्वराज बापोडिया ने हासिल की ऑल इंडिया 6वीं रैंक, बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले के युवा प्रतिभा स्वराज बापोडिया ने चार्टर्ड अकाउंटेंट यानी सीए की कठिनतम परीक्षा में ऑल इंडिया 6वीं रैंक हासिल कर न केवल जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

उन्होंने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए यह सिद्ध कर दिया कि कड़ी मेहनत और मजबूत इरादे से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। स्वराज की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से रायगढ़ ही नहींए बल्कि समूचे छत्तीसगढ़ में गर्व और उत्साह का माहौल है। जैसे ही परिणाम सामने आया, परिवार, शुभचिंतक और जान.पहचान वालों में बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्वराज बापोडिया रायगढ़ शहर



के निवासी हैं। और प्रारंभिक शिक्षा यहीं से प्राप्त की। उन्होंने हमेशा पढ़ाई को प्राथमिकता दी और कठिन परिश्रम से खुद को साबित किया। स्वराज की मां रीना बापोड़िया ने कहा कि स्वराज शुरू से मेधावी रहा है। जिंदल स्कूल में 12वीं तक पढ़ाई करने के बाद उसने कोलकाता के सेंट जेवियर्स कॉलेज में बीकॉम किया। स्वराज ने ऑनलाइन क्लास से कोचिंग की। स्वराज की सफलता पर राज्य के नेताओंए जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी सफलता को लेकर खूब सराहना हो रही है और लोग उन्हें छत्तीसगढ़ का गौरव कहकर संबोधित कर रहे हैं।

### प्रदेश के युवाओं के लिए बने प्रेरणा

स्वराज की यह सफलता उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा हैए जो बड़े सपने देखते हैं लेकिन संसाधनों की कमी के कारण हतोत्साहित हो जाते हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि अगर लगन सच्ची हो तो किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

### बिना किसी शोरशराबे के रच दिया कीर्तिमान

सीए परीक्षा को भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माना जाता हैए जिसमें हजारों छात्र हर साल प्रयास करते हैं, लेकिन बहुत ही कम छात्र टॉप.10 में जगह बना पाते हैं। स्वराज ने यह कर दिखाया और ऑल इंडिया रैंक 6 प्राप्त कर एक मिसाल कायम की है।

### माता-पिता की आंखों में गर्व के आंसू

परिणाम घोषित होते ही उनके घर में जश्न का माहौल बन गया। माता.पिता ने बेटे की सफलता को भगवान का आशीर्वाद बताया और कहा कि स्वराज की मेहनत और समर्पण का ही फल है कि उसने यह मुकाम हासिल किया है। आसपास के लोग, रिश्तेदार, शिक्षक व शुभचिंतक लगातार उन्हें बधाइयां देने पहुंच रहे हैं।

## खेत-खलिहान पानी से लबालब, खरीफ सीजन को लेकर नई उम्मीद

# झमाझम बारिश से खेती में आई बहार किसानों के चेहरे पर लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में बीते कुछ दिनों से हो रही जोरदार और लगातार बारिश ने जहां आम जनजीवन को राहत दी है, वहीं सबसे बड़ी खुशखबरी किसानों के लिए लेकर आई है। गर्मी और सूखे की मार झेल रहे किसानों के चेहरे अब खिल उठे हैं। खेत खलिहान पानी से लबालब हो चुके हैं और खरीफ सीजन की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं।

बारिश ने जहां एक ओर मौसम को सुहावना बना दिया है, वहीं दूसरी ओर यह किसानों के लिए संजीवनी बनकर आई है। अब तक की वर्षा ने खेतों की प्यास बुझा दी है और धानए उड़दए मूंगए अरहरए मक्का जैसी फसलों की बुआई शुरू हो गई है। किसान पूरे जोश और उत्साह के साथ खेतों में जुटे हुए हैं। ग्रामीण इलाकों में बारिश के बाद खेतों की सूरत बदल गई है। सूखे और दरारों से जूझ रहे खेत अब पानी से भरकर जीवनदायिनी बन गए हैं। किसान दिन.रात खेतों में मेहनत कर रहे हैं। कई जगहों पर धान की नर्सरी भी तैयार हो चुकी है और रोपाई का कार्य शुरू हो गया है।



**फैक्ट फाइल**

- धान का कुल लक्ष्य रुपए 166.056 हजार हेक्टेयर।
- धान की बुआई रुपए 8.500 हजार हेक्टेयर।
- दलहन तिलहन का लक्ष्य रुपए 20.888 हजार हेक्टेयर।

### किसानों में नई ऊर्जा, उम्मीदों का उबाल

ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों के बाद ऐसी अनुकूल बारिश देखने को मिली है। गांवों में चहल.पहल है, मंडियों में बीजों की खरीद बढ़ी है और कृषि कार्यों में तेजी आई है। गांवों में एक बार फिर खेतों की हरियाली लौट आई है जो विकास और समृद्धि का संकेत है। ग्राम गढ़उमरिया के किसान सुभाष साहू ने कहा हमने ऐसा समय पहले देखा हैए जब आषाढ़ में खूब बारिश होती थी। लंबे समय से बारिश थम गई थी। अब फिर वही उम्मीद जागी है। इस बार मेहनत रंग लाएगी।

### कृषि विभाग ने जताई रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद

कृषि विभाग के अनुसार अब तक की वर्षा बहुत ही अनुकूल रही है। यदि अगले 15-20 दिनों तक इसी तरह बारिश जारी रही, तो इस बार रायगढ़ जिले में खरीफ फसलों का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच सकता है। समय पर बुआईए पर्याप्त नमी और अनुकूल मौसम से फसलों की गुणवत्ता में भी जबरदस्त सुधार होने की संभावना जताई जा रही है।

### तालाब, नहर, कुएं हुए जलमग्न

इस अच्छी बारिश से न सिर्फ खेती को फायदा मिला है, बल्कि सिंचाई के लिए भी बड़ी राहत मिली है। गांवों के तालाब, डबरी, नहरें और कुएं भर चुके हैं। जिन इलाकों में पानी की किल्लत बनी हुई थी, वहां अब जल स्रोतों में जलस्तर बढ़ने से पीने के पानी और सिंचाई की समस्या दूर होने लगी है।



## शहर में अवैध कब्जा : कमिश्नर की चेतावनी, तुरंत हटाएं या सब टूटेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार तड़के सुबह 6 बजे निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बारिश के चलते शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया और अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रामनिवास टॉकीज संचालक, ओवरब्रिज से सुभाष चौक तक नाली पर अतिक्रमण करने वाले व्यवसायियों को नोटिस जारी करने, जुर्माना लगाने और तत्काल अतिक्रमण तोड़ने के आदेश अतिक्रमण निवारण दस्ता को दिए गए। कमिश्नर ने चिरंजीवी दास नगरए मोदीनगर, खेतपारा, सिद्धिविनायक कॉलोनी, डायमंड हिल्स, फ्रेंड्स कॉलोनी, पंजीरप्लांट, जोगीडीपा, अंडरब्रिज गंधरी पुल समेत अन्य बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लिया। अधिकांश जगहों पर जल निकासी सामान्य रही पर नालों में कचरा, झाड़ियां, गाजा जमा होने से निकासी प्रभावित पाई गई। उन्होंने सभी सफाई दरोगाओं को निर्देश दिए कि नालों में जमे कचरे को तुरंत हटाया जाए। रामनिवास टॉकीज इलाके में सड़क काटकर बनाए गए नाले की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने ह्यूम पाइप डालने और सड़क मरम्मत का कार्य जल्द पूरा करने को कहा। क्षतिग्रस्त पानी सप्लाई पाइपलाइन के पुनर्निर्माण में आधुनिक तकनीक अपनाने का निर्देश कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया को दिया गया। बड़पारा में पोकलेन मशीन लगाकर नाले की सफाई के निर्देश दिए गए। आरपीएफ बैरक की दीवार से जल निकासी बाधित होने पर दीवार तोड़ने और नाले के चौड़ीकरण के आदेश दिए।

## कुड़ेकेला सोसायटी का उभरती प्रतियोगिता में हुआ चयन



**कुड़ेकेला।** उत्कृष्ट कार्यो के लिए सहकारिता विभाग में कुड़ेकेला सहकारी समिति अपने कार्यो से कई बार प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर चुकी हैं, अभी हाल ही में उभरती हुई प्रतियोगिता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से पांच सोसायटियों का चयन हुआ, जिसमे राजनांदगांव, महासमुंद, जांजगीर चम्पा, भातपुर एवं कुड़ेकेला सहकारी समिति के उत्कृष्ठ कार्य हेतु दिल्ली में चयन हुआ, जिसमे सहकारी समिति के डाटा आपरेटर पद्मलोचन साहू, सहायक समिति प्रबंधक मनसिंह राठिया ने इस कार्यक्रम में भाग लिया पूर्व में भी 2024 में डाटा आपरेटर पद्मलोचन साहू का चयन हुआ था। समय-समय पर उत्कृष्ट कार्यो के लिए सोसायटियों का चयन होता हैं। कुड़ेकेला सोसायटी का चयन समिति के किसानों के लिए गौरव की बात हैं।

## 11 को आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**सरिया।** छग शासन के आयुष विभाग के आदेशानुसार और जिला आयुर्वेद अधिकारी रायगढ़ डॉ सीएस गौराहा के कुशल निर्देशन में इस सत्र का बरमकेला विकासखंड का प्रथम विकासखंडस्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला दिनांक 11 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नगर पंचायत सरिया परिसर में स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विकास खण्ड के चिकित्सकों के साथ बाहर से भी आयुर्वेद, होम्योपैथी, के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा विभिन्न प्रकार के रोगों का निःशुल्क रोग निदान कर औषधि वितरित किया जाएगा। तथा योग द्वारा स्वस्थ रहने की सलाह देने के लिए कुशल योग प्रशिक्षिका मौजूद रहेंगी। रक्त परीक्षण की सुविधा रहेगी एवं रोग प्रतिरोधक काढ़ा का वितरण किया जाएगा। अतः सभी लोगों से निवेदन एवं आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लें।

## जूटमिल में समाज के सच्चे सेवकों का सम्मान, पुलिस ने बढ़ाया हौसला

### कोटवार, छात्र, स्वास्थ्यकर्मी और पुलिस मित्र सम्मानित

**रायगढ़।** जहां सेवा है वहीं सम्मान है। इसी भावना के साथ थाना जूटमिल में ग्राम सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और सामुदायिक सहभागिता को लेकर एक विशेष बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में किया गया।

इस समारोह में गांव समाज की नींव माने जाने वाले ग्राम कोटवारों, जनस्वास्थ्य में अहम भूमिका निभाने वाले स्वास्थ्यकर्मियोंए भविष्य के निर्माण में जुटे शिक्षकों, मेधावी छात्रों और समाजसेवा में समर्पित पुलिस मित्रों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में नगर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा एवं थाना प्रभारी प्रशांत राव ने ग्राम कोटवारों को सुरक्षा व्यवस्था में उनकी अहम भूमिका की जानकारी दी। श्री विश्वकर्मा ने कहा संदिग्ध गतिविधियों की समय पर सूचना देनाए बाहरी व्यक्तियों की निगरानी और कानून व्यवस्था में सहयोग ये कोटवारों की पहली जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के बीट अधिकारी, थाना प्रभारी और जनसंपर्क माध्यमों से जुड़े रहें ताकि अपराधों पर समय रहते रोक लगाई जा सके। कार्यक्रम के दूसरे चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह समाज के हर उस व्यक्ति को प्रेरित करता है जो निस्वार्थ सेवा में संलग्न है।



### इनको मिला सम्मान

**स्वास्थ्यकर्मी**

श्रीमती ममता पटेल उप स्वास्थ्य केंद्र, गढ़उमरिया

श्रीमती सुमन तिग्गा उप स्वास्थ्य केंद्र, कोड़ातराई

**मेधावी छात्र**

निकिता सिदार 10वीं 94 प्रतिशत शाउमावि झलमला

विनय यादव 12वीं 89 प्रतिशत शाउमावि झलमला

**शिक्षकगण**

सुरेंद्र गुप्ता प्रधान पाठक डूमरपाली

कामता प्रसाद तिवारी प्राचार्य झलमला

**ग्राम कोटवार**

विद्याधर महंत ग्राम सांगीतराई

पितांबर दास ग्राम कोड़ातराई

पुलिस मित्र गणमान्य नागरिक

प्रमोद पटेल ग्राम कुंजेडबरी।

## कक्षा 10 वीं और 12 वीं अनुतीर्ण छात्रों के रखने होंगे रिकॉर्ड

# स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने घर-घर दस्तक देंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी स्कूलों में उपस्थिति बढाने के लिए शिक्षा विभाग शिक्षकों को घर घर भेजने की तैयारी में जुटा है। इस विषय को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. राव ने नवीन शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के बाद छात्रों की कक्षा पहली में प्रवेशित छात्रों की जानकारी ली।

उन्होंने कक्षा पहली के लिए चिन्हांकित समस्त बच्चों का प्रवेश जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश देते हुए इन सभी प्रवेशित बच्चों में से पात्र बच्चों के जाति प्रमाण.पत्र 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से बनाकर छात्रों को वितरित करने के निर्देश दिए। साथ ही शेष कक्षाओं में अध्ययनरत पात्र छात्रों के भी जाति प्रमाण.पत्र प्राथमिकता क्रम में पूर्ण कराने के को कहा।




उन्होंने बच्चों की उपस्थिति की जानकारी लेने पर पता चला कि बच्चों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम है इस संबंध में सभी बीईओ को निर्देशित किया जो छात्र कक्षा में उपस्थित नहीं हो रहे हैं उन छात्रों के घर संबंधित शाला के शिक्षक जाकर सतत पालक सम्पर्क करने और बच्चों को शाला में लाने को कहा। पालक सम्पर्क के लिये विधिवत रजिस्टर संधारित करने के भी निर्देश दिए गए। पाठ्यपुस्तक निगम से प्राप्त पुस्तकों को तत्काल स्केन कराकर अतिशीघ्र छात्रों को वितरित कर अध्यापन कार्य दुरत गति से प्रारम्भ करने और माह जुलाई के पाठ्यक्रमों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। सभी शालाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए रायगढ़ जिले में लागू मिशन उत्कर्ष के समस्त कंडिकाओं का पालन करना अनिवार्य होगाए जिसमें माह के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण करनाए साप्ताहिकए मासिक टेस्ट, त्रैमासिक टेस्ट, अद्र्धवार्षिक परीक्षा, प्रीबोर्ड परीक्षा संचालित करना, कमजोर और अच्छे बच्चों का चिन्हांकन और उनके लिये अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन, आगमन निगमन पंजी का संधारण, गृह कार्य देना, शुरू से ही ब्लू प्रिंट के आधार पर अध्यापन जैसे कार्य नियमित और निर्धारित अंतराल में हर स्कूल को पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।

### विनोबा ऐप से उपस्थिति की होगी ट्रेकिंग

सभी शासकीय शालाओं में शाला में शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी शाला लगने के प्रारंभिक समय में विनोबा एप में देनी होगी, साथ ही कक्षा पहली से आठवीं कक्षा अध्यापन करने वाले शिक्षकों को अपने द्वारा स्कूल में कराए गए गतिविधियों के फोटो और वीडियो भी अपलोड विनोबा एप में कर सकते है। कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों के मासिकए त्रैमासिक, अद्र्धवार्षिक और प्रीबोर्ड के परीक्षा परिणाम एक्सल शीट के माध्यम से अपलोड किया जाना है ताकि छात्रवार परीक्षा परिणाम की समीक्षा की जा सके। अब सीएसी भी अपने शालाओं का निरीक्षण ऑनलाइन मोड में विनोबा एप में करना होगाए ताकि निरीक्षण किए गए शालाओं को ऑनलाइन ट्रैक किया जा सके।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI ▶ RAIGARH

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- FITTER 2 Year (10th Pass)

उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)

89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** लटोरी मुख्य मार्ग पर बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम गजाधरपुर निवासी धरमपाल राजवाड़े आ. केशुराम राजवाड़े (30 वर्ष) गत दिन बाइक से लटोरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को लटोरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात युवक की मौत हो गई।

### सम्बलपुर में करंट लगने से युवक की हुई मौत

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम संबलपुर चंदौरीडाड़ निवासी 25 वर्षीय युवक बृजलाल पिता बुधराम की करेंट की चपेट में आकर मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि मृतक अपने घर में अपनी बुजुर्ग मां के साथ रहता था और टेंट हाउस में मजदूरी का कार्य करता था जो गत 30 जून को घर से काम पर निकला था,शुक्रवार को उसका शव घर के बाहर पड़ा हूआ मिला।उसके शरीर के ऊपर बिजली का तार व प्लास पड़ा हुआ पाया गया। पुलिस ने मामले में शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मर्ग कायम किया है।

### बस ने कार को मारी टक्कर बाल बाल बचे सवार

**अंबिकापुर।** बस चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि दुर्घटना में वाहन सवार लोगों को चोटें नहीं आई। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा निवासी 27 वर्षीय अमित कुमार नायक आ. धनियत नायक 5 जुलाई को अपनी क्रेटा कार क्रमांक जेएच 01 डीएक्स 4277 से ग्राम सेमरा से अंबिकापुर की ओर जा रहा था। इस दौरान सुबह 11 बजे डीपाडीह कला में विपरीत दिशा से आ रहे हिन्दुस्तान बस क्रमांक सीजी 15 ईई 2272 के चालक चंद्रपाल भुईहर ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को दाहिने तरफ से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार स्वामी अमित कुमार उसके साथी फिरोज आलम बाल बाल बच गये लेकिन उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस मामले में वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### शराब के नशे में शिक्षक करता था बच्चों से मारपीट

**वाड्रफनगर।** क्षेत्र में लगातार शिक्षकों की लापरवाही सामने आ रही है। हाल ही में प्रधान पाठक का शराब के नशे में स्कूल के अंदर डांस करने का वीडियो वायरल हुआ और अब एक बार फिर से एक सहायक शिक्षक द्वारा बच्चों से शराब के नशे में मारपीट करने की बात सामने आई है। इस मामले में बच्चों और उनके परिजन ने अधिकारियों ने शिकायत की। शिकायत के बाद जांच उपरान्त जिला शिक्षा अधिकारी ने सहायक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम सोनहत स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों ने स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक छोटेलाल पंडो के खिलाफ शिकायत की थी कि शिक्षक शराब के नशे में धुत होकर स्कूल आते है । और बच्चों से मारपीट करते है। इस मामले की शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि सहायक शिक्षक छोटेलाल पंडो स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 1ली से 5वीं तक के बच्चों से शराब के नशे में मारपीट करते है। शिक्षक का यह बर्ताव छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के नियम-03 का स्पष्ट उल्लंघन है। शासकीय कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत जिला शिक्षा अधिकारी डीएन मिश्रा ने सहायक शिक्षक छोटेलाल पंडो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# बाहुड़ा यात्रा में कौशल्या ने निभाई रथ खींचने की रस्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में शनिवार को बाहुड़ा रथ यात्रा धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय ने विशेष रूप से इस आयोजन में सहभागिता निभाई और रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने रथ खींचने की रस्म भी निभाई।

इस अवसर पर ओडिशा का दुलदूली बाजा व कीर्तन मंडली ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। ढोल-नगाड़ों और भजनों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु थिरक उठे। कीर्तन मंडली की सजीव प्रस्तुति ने जनसमूह को भगवान के चरणों में विभोर कर दिया। परंपरा के अनुसार, अब दो दिन तक महाप्रभु रथ में ही विराजमान रहेंगे। इस दौरान भक्तजन रथ के दर्शन करके पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। 6 जुलाई को भगवान का सुना वेष सौंदर्य श्रृंगार किया जाएगा, उसके पश्चात 7 जुलाई को आधार पना की रस्म निभाई जाएगी। इसके बाद 8 जुलाई को निलाद्री बीजे की पारंपरिक रस्म पूरी की जाएगी, जिसके साथ ही महाप्रभु विधिवत रूप से मंदिर में पुनः प्रवेश करेंगे। यात्रा के उपरांत रात्रि में मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कीर्तन, भजन संध्या, सांस्कृतिक नृत्य एवं प्रवचन शामिल होंगे। इन आयोजनों में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर से आए भक्ति मंडलियों की भी विशेष प्रस्तुति देखने को मिलेगी। यह आयोजन जगन्नाथ मंदिर समिति दोकड़ा के तत्वावधान में संपन्न हुआ। समिति के सदस्य, प्रशासन, पुलिस बल, स्वयंसेवकों ने यात्रा को शांतिपूर्ण और भव्य रूप देने में सराहनीय भूमिका निभाई। दोकड़ा में आयोजित यह रथ यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रही, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कृति और लोक परंपराओं का भी अद्भुत उदाहरण बन गई। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ की एक झलक पाने के लिए लंबी दूरी तय की और भक्ति रस में डूबे रहे।





## जिले में अब 54 प्रतिशत हो चुकी है धान की बुआई पूरी

# झमाझम बारिश से खेतों को मिली संजीवनी जिले में धान की बुआई ने पकड़ी रफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले में बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार हो रही अच्छी बारिश ने धान के खरीफ सीजन की बुआई को नई गति दे दी है। किसान अब तेजी से खेतों में जुट गए हैं। कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष जशपुर में कुल 259.953 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसलों की बुआई का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 96.888 हजार हेक्टेयर में बुआई पूर्ण हो चुकी है, जो कुल लक्ष्य का 37.3% है।

जिले में सबसे अधिक क्षेत्रफल में बोई जाने वाली फसल धान की बुआई अब तक 82.319 हजार हेक्टेयर में 54% हो चुकी है। हाल की बारिश के कारण धान की रोपाई कार्य में तेजी आई है। इसी प्रकार, मक्का में 40.2% और सब्जी वर्ग में 38.4% बुआई हो चुकी है। खरीफ 2025 की खेती शुरू हो चुकी है और जिले में खाद वितरण को लेकर कृषि विभाग की ताजा रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस बार कुल 26,260 मीट्रिक टन खाद की मांग दर्ज की गई थी, लेकिन अब तक किसानों को 11,343.315 मीट्रिक टन खाद ही उपलब्ध कराई जा सकी है, यानी कुल लक्ष्य का 43.25% ही वितरण हुआ है।

### गांव-गांव हल में चलने लगे

गांवों में खेतों में ट्रैक्टर, बैल और किसान लगातार सक्रिय हैं। कई इलाकों में रोपाई का कार्य दिन-रात चल रहा है। किसानों का कहना है कि बारिश समय पर हुई है, जिससे बीज का अंकुरण भी अच्छा हो रहा है।

### निर्देशित किया गया है

विभाग लगातार खाद की उपलब्धता और वितरण की निगरानी कर रहा है। सभी समितियों को निर्देशित किया गया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की खाद कमी न झेलनी पड़े।

**-एमआर भगत**, उप संचालक कृषि जशपुर

### यूरिया की मांग सबसे अधिक

जिले में यूरिया की कुल मांग 11,600 मीट्रिक टन रही, जिसमें से अभी तक 5,715.565 मी. टन ही किसानों तक पहुंची है। यूरिया की डिमांड हर साल की तरह इस बार भी सबसे ज्यादा रही, विभाग के द्वारा किसानो को भी पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारी ने बताया कि अभी भी यूरिया की 2,288 मी.टन स्टॉक में है, जिले में खाद की कमी नहीं है। इसके साथ ही डीएपी 7,000 मी.टन की मांग में से 2,185 मी.टन वितरण हुआ है। एनपीके 3,680 मी.टन की मांग, 1,762 मी.टन वितरण हुआ है। सुपर फास्फेट और पोटाश 869 मी.टन और 640 मी.टन तक वितरण कर दिया गया है।

### किसानों को जल्द राहत की उम्मीद

विभाग के अनुसार अभी समिति और मार्कफेड में कुल 4193.995 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है, जिसे चरणबद्ध तरीके से वितरण में लाया जा रहा है। किसानों की मांग को देखते हुए सभी समितियों को निर्देश दिए गए हैं कि वितरण प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

### दलहन और तिलहन में भी आएगी तेजी

जिले हो रही बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आ चुकी है, जिससे अब तक पिछड़ रही दलहन और तिलहन फसलों की बुआई में तेजी आने की संभावना है।विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोयाबीन की बुआई अभी सिर्फ 0.1% हुई है, वहीं तिलहन वर्ग में अब तक शून्य बुआई रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले सप्ताह में यदि बारिश इसी तरह बनी रही, तो ये दोनों फसलें भी गति पकड़ लेंगी।

## किसान सुखसाय रबी और खरीफ की फसल का ले रहा लाभ



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार किसानों को हर संभव मदद करने और शासन की योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में जिले के कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं से निरंतर लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही नलकूप खनन कराकर उसमें सौर सुजला योजना से पम्प भी लगाकर स्प्रिंकलर से सिंचाई की सुविधा दी गई है।

इसी कड़ी में ग्राम गिनाबहार निवासी कृषक सुखसाय को कृषि विभाग के माध्यम से शाकम्भरी योजना से विद्युत पम्प का लाभ दिया गया है। कृषक के पास 2 हेक्टेयर भूमि है। जिसमें एक जगह कुंआ है। जिसमें कृषक के पास सिंचाई हेतु पम्प न होने के कारण सिंचाई नहीं कर पाता था। इस वर्ष कृषि विभाग के माध्यम से शाकम्भरी योजना से विद्युत पम्प लेकर गेंहू की खेती कर रहा है। कृषि विभाग के माध्यम से ही नलकूप खनन कराकर उसमें सौर सुजला योजना से पम्प लगाकर स्प्रिंकलर से सिंचाई कर खेती की जा रही है। जिसमें कृषक को रबी और खरीफ मौसम में कृषि कार्य किया जा रहा है।

# खेत से लौट रही वृद्धा की गाज से मौत, दो बच्चियां गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर




■ बाम्बा और लौहघुटरी गांवों की घटना, इलाके में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

रविवार दोपहर बगीचा थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्धा की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो बच्चियां बुरी तरह झुलस गईं। हादसे के वक्त क्षेत्र में तेज गरज-चमक और बारिश हो रही थी। दोनों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा में चल रहा है, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है।

ग्रामीणों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से मौसम लगातार खराब चल रहा है, और बिजली गिरने की घटनाओं में अचानक इजाफा हुआ है, जिससे लोग डरे-सहमे हैं। ग्राम पंचायत बाम्बा की रहने वाली मीरा बाई पति छत्तर साय, उम्र लगभग 60 वर्ष, जाति कंवर, रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे खेत से अपने घर लौट रही थीं। तभी अचानक तेज आवाज के साथ बिजली गिरी और वह उसकी चपेट में आ गईं। ग्रामीणों ने बताया कि मीरा बाई अक्सर दोपहर में खेत देखने जाती थीं। रविवार को भी बारिश शुरू होने से पहले वह घर के लिए निकलीं, लेकिन रास्ते में ही यह हादसा हो गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। इसी समय पास के ही गांव लौहघुटरी (ग्राम पंचायत पसिया) में भी एक और बिजली गिरने की घटना सामने आई। यहां पर रितु बाई पिता अजय राम (25), जाति नागवंशी और कविता पिता शिवलाल (11) अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं। परिजनों ने बताया कि दोनों खेत के पास खेल रही थीं। तेज बारिश के बीच बिजली गिरी और दोनों वहीं गिर पड़ीं। आनन-फानन में ग्रामीणों ने दोनों को बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक दोनों को मध्यम दर्जे की झुलसन हुई है, पर हालत फिलहाल नियंत्रण में है। बगीचा क्षेत्र में बीते 5 दिनों से रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है। कई जगहों पर खेतों में पानी भर गया है, कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। अब बिजली गिरने की घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। कई ग्रामीणों ने बताया कि पहले केवल बारिश होती थी, अब हर बार बारिश के साथ बिजली कड़कने और गिरने की आशंका बनी रहती है।

## ग्राम पंचायत गलौंडा में कृषि विभाग द्वारा रहड़ वितरण कार्यक्रम संपन्न




**जशपुर।** ग्राम पंचायत गलौंडा में कृषि विभाग के द्वारा किसानों को रहड़ बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस मौके पर ग्राम पंचायत की रोजगार सहायक पूजा भगत एवं सरपंच सुमन खेस्स उपस्थित थीं। रहड़ बीज वितरण का उद्देश्य किसानों को खरीफ सीजन में लाभकारी फसल के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में ग्राम गलौंडा के अनेक हितग्राही किसानों ने भाग लिया और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

## ससुर-दामाद के जमीन विवाद में कूद पड़े पसोसी की मारपीट

**राजपुर।** जमीन गिरवी रखने को लेकर ससुर-दामाद के बीच चल रहे विवाद के बीच पड़ोसी कूद पड़े। आरोपियों ने ग्रामीण की जमकर पिटाई की और उसपर बसूला से हमला कर दिया। इस घटना में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने महिला और अपचारी बालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरियों पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिधमा निवासी अकबर भुईया के ससुर सोनू भुइया ने अपने खेत को 30 हजार रूपए में गांव के भरोसा के पास गिरवी रखा था। उक्त भूमि को अकबर ने 4 साल पहले छुडवा लिया और खेती कर रहा था। उक्त जमीन को पुनह सोनू भुइया गिरवी रखने की तैयारी कर रहा था और इसी बात को लेकर 21 जून को दोपहर 12 बजे अबकर और ससुर सोनू भुइया के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढने पर पड़ोसी अमीरनाथ, सुमीरनाथ, संजय व सोनमनी बीच बचाव के लिए आए थे। इस दौरान अकबर और उसकी पत्नी ने पड़ोसियों से झगड़ा शुरू कर दिया जिससे आक्रोशित होकर सभी ने मिलकर अकबर भुइया की डंडे से मारपीट शुरू कर दी और अमीरनाथ ने बसूला से अकबर के सिर पर वार कर दिया। इस घटना में अबकर भुइया गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मोहर्रम पर रोजे और इबादत, अखाड़ों में दिखे हैरतअंगेज करतब

# मुस्लिम समाज ने निकाला मातमी जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

रविवार को मुस्लिम समाज ने मोहर्रम पर करबला में शहीदों को याद करते हुए शहर में मातमी जुलूस निकाला। यह जुलूस शहर के मस्जिद से शुरू हुई। जुलूस में मुस्लिम समाज के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान हैरत अंगेज करतबों को देख कर लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली।

मोहर्रम का महीना शुरू होते ही मुस्लिम धर्मावलंबियों ने 1 से 10 दिन तक रोजे रखकर इबादत की। मौलाना मंसूर आलम फैजी ने बताया कि इस्लाम आने से पहले मोहर्रम की 10 तारीख को रोजा रखना अनिवार्य था। इस्लाम आने के बाद भी मुस्लमानों पर यह रोजा फर्ज था लेकिन रमजान में एक महीने का रोजा फर्ज हो जाने के बाद इस रोजे की अनिवार्यत खत्म हो गई।



**अखाडों में नौजवानों ने दिखाए करतब**

जौहर करबला की ऐतिहासिक युद्ध की याद में मुस्लिम समाज के नौजवान व बच्चे लाठी, बर्छे और तलवारों से तरह तरह के हैरत अंगेज करतब अखाडे में दिखाते हैं। इमाम बाडे से जुलूस निकलने के बाद कव्वाली मैदान दर्जी मुहल्ला, महाराजा चौक और पुराने पैलेस के सामने युवकों व बच्चों की टोलियों ने हैरत अंगेज करतब दिखाया।

# फर्जी फेसबुक प्रोफाइल से लड़कियों से दोस्ती कर लूट करने वाला नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक और इंस्टाग्राम का दुरुपयोग कर नाबालिग लड़कियों को झांसे में लेकर उनसे मिलने के बहाने बुलाकर मोबाइल और नकद रकम लूटने वाले एक 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर बाल संप्रेषण गृह भेज दिया है। यह गिरफ्तारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम द्वारा की गई, जिसमें साइबर सेल की तकनीकी सहायता से आरोपी तक पहुंचा गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी बालक ने फेसबुक पर किसी अन्य युवक की तस्वीर लगाकर एक फर्जी आईडी बनाई थी। उसी के माध्यम से वह नाबालिग लड़कियों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजता था। जब लड़कियां उस रिक्वेस्ट को स्वीकार करतीं, तो उनसे इंस्टाग्राम और फेसबुक के जरिए नियमित रूप से बातचीत करता था, जिससे उनमें विश्वास पैदा हो। पुलिस ने आरोपी नाबालिग के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) के अंतर्गत थाना कुनकुरी एवं नारायणपुर में अपराध दर्ज किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। उसे विधिवत गिरफ्तार कर जशपुर स्थित बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है। तकनीकी विश्लेषण के दौरान जब फेसबुक अकाउंट और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की जांच की गई, तो फर्जी आईडी के जरिए किए गए यूपीआई ट्रांजेक्शन का लिंक थाना कुनकुरी क्षेत्र के ही 17 वर्षीय बालक से जुड़ा मिला। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, बाइक और दोनों पीड़िताओं से लूटे गए मोबाइल बरामद कर लिए गए हैं।




### एसएसपी की युवाओं से अपील

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने युवाओं से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों से संपर्क करने से पहले सतर्क रहें। किसी की प्रोफाइल फोटो और नाम देखकर उस पर विश्वास न करें। सोशल मीडिया का प्रयोग सोच-समझकर करें और किसी भी संदेहजनक गतिविधि की तुरंत जानकारी पुलिस को दें।

### कुनकुरी में 11 हजार की लूट

कुनकुरी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की ने 3 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी ने उसे 26 जून की शाम 7:30 बजे एक स्थान पर मिलने के लिए बुलाया। आरोपी नकाब लगाकर मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और उसे अपने साथ थोड़ी दूरी पर ले गया। जब उसने नकाब हटाया, तो पीड़िता घबरा गई क्योंकि वह व्यक्ति उसकी प्रोफाइल तस्वीर से अलग था।



## 'सरजमीन' का दमदार ट्रेलर जारी इब्राहिम से भिड़ते दिखे पृथ्वीराज...

**मुंबई।** अभिनेत्री काजोल इन दिनों फिल्म 'मां' में नजर आ रही हैं, जिसमें वह अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जमकर वाहवाही लूट रही हैं। अब काजोल जल्द ही फिल्म 'सरजमीन' में नजर आएंगी। इस फिल्म में सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, वहीं सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने 'सरजमीन' का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जो जबरदस्त एक्शन और सस्पेंस से भरपूर है। 'सरजमीन' के ट्रेलर में सुकुमारन एक फौजी की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपनी सरजमीन के लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार हैं। उन्हें अपनी जान की परवाह नहीं है।

लाइफ Style



# उर्फी

## चाहे कुछ कर लूं, नफरत ही मिलेगी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सोशल मीडिया स्टार और अभिनेत्री उर्फी जावेद अपने अतरंगी अंदाज को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। उधर उनका बेबाक रवैया भी खूब चर्चा में रहता है। फिलहाल वह करण जौहर के रिएलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर सुर्खियों में हैं।

उन्होंने सभी प्रतियोंगियों को हराते हुए निकिता लूथर के साथ शो की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। हालांकि, शो को जीतने के बाद उन्हें गालियां सुनने को मिल रही हैं। खुद उर्फी ने ये खुलासा किया है। उर्फी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने बेहतरीन गेम खेला और इस रियलिटी शो को जीत भी लिया, लेकिन कुछ लोगों से उर्फी की यह जीत बर्दाश्त नहीं हुई। दरअसल, वो लोग अपनी पसंद के प्रतियोगी को जीतते हुए देखना चाहते थे। ऐसे में उन्होंने उर्फी को सोशल मीडिया पर गालियां और धमकियां दीं। इन गालियों का स्क्रीनशॉट उर्फी ने इंस्टाग्राम पर साझा किया और ट्रोलर्स के ऐसे रवैये पर नाराजगी जाहिर की।

उर्फी लिखती हैं, 'जब आपको कोई लड़की पसंद नहीं आती तो आप उसे अपशब्द कह देते हैं। यह पहली बार नहीं है, जब मुझे इस तरह से धमकाया जा रहा है या गाली दी गई है। इस बार यह मेरे कपड़ों की वजह से नहीं, बल्कि इसलिए हुआ, क्योंकि मैंने एक शो जीता था। सोचिए आप इतने छोटे इंसान हैं कि जब आपका पसंदीदा प्रतियोगी नहीं जीतता है तो आप दूसरे शख्स को गाली देने और धमकी देने लगते हैं।'

हॉलीवुड मसाला



## तेज रफ्तार से दौड़ रहीं एफ-1

**लॉस एंजिल्स।** एक ओर जहां हिंदी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट की 'एफ1' बॉक्स ऑफिस पर तेज रफ्तार से दौड़ रही है। एफ1 ने गुरुवार को भी 3.7 करोड़ रुपए का अच्छा कलेक्शन किया। इससे पहले बुधवार को फिल्म ने 3.48 करोड़ रुपए जुटा लिए थे। इस तरह से सात दिनों में फिल्म का कुल कलेक्शन 35.68 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। जो कन्नप्पा और मां दोनों से बेहतर है। काजोल की फिल्म 'मां' और विष्णु मांचू की पैन इंडिया 'कन्नप्पा' को बॉक्स ऑफिस पर अब एक हफ्ते का समय पूरा हो चुका है।



## लंदन की सड़क पर 'बम बम' गाने पर किया डांस

**लंदन।** निक जोनस एक बार फिर से प्रियंका चोपड़ा के चाहने वालों का दिल जीतते नजर आ रहे हैं। उन्होंने एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है जिसमें वो प्रियंका चोपड़ा की अपकमिंग फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के लंदन प्रीमियर से ठीक पहले की है। सिंगर ने सोशल मीडिया पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके पीछे उनकी वाइफ छिपी है और जैसे ही वो कैमरे के सामने से हटते हैं, प्रियंका 'बम बम' गाने पर मटकने लगती हैं। अब एक बार फिर से लोगों ने इस कपल की तारीफ शुरू कर दी है। एक ने कहा- मैं इस कपल का फैन हूं। एक यूजर ने कहा- दोनों भी स्टनिंग। वहीं अन्य यूजर ने कहा- लेडीज, ऐसे ही मर्दों को पार्टनर बनाएं जो हमेशा उन्हें खुद से ऊपर रखें। एक और ने कहा- किसी भी बॉलीवुड कपल से अधिक खुश हैं ये दोनों। एक ने कहा- निक प्रियंका के चियरलीडर हैं।



## सिद्धांत संग धड़क-2 का ट्रेलर 11 को रिलीज

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'धड़क 2' का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक हैं। खास बात यह है कि यह पहला मौका होगा, जब सिद्धांत और तृप्ति पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। 'धड़क 2' के निर्देशन की कमान शाजिया इकबाल ने संभाली है, वहीं करण जौहर फिल्म के निर्माता हैं। अब फिल्म 'धड़क 2' के ट्रेलर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ गई है।बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धड़क 2' का ट्रेलर 11 जुलाई, 2025 को रिलीज किया जाएगा, जिसके लिए निर्माता मुंबई में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में तृप्ति, सिद्धांत, फिल्म निर्माता करण और निर्देशक शाजिया भी शामिल होंगे।



## मालिक का गाना राज करेगा मालिक जारी

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव जल्द ही फिल्म 'मालिक' में नजर आएंगे। उनकी यह फिल्म 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म राजकुमार की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री मानुषी छिल्लर के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब निर्माताओं ने फिल्म 'मालिक' का नया गाना 'राज करेगा मालिक' जारी कर दिया है। इस गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। 'राज करेगा मालिक' में राजकुमार का धांसू अवतार दिख रहा है, वहीं मानुषी जोरदार डांस करती नजर आ रही हैं। राजकुमार पहली बार गैंगस्टर बन बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान पुलकित ने संभाली है, वहीं फिल्म का निर्माण कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है।

टीवी मसाला



## 'अंगूरी भाभी' को 'संघर्ष' से है दिक्कत बोलीं- 'एक्टिंग करना आज भी मेरे लिए चुनौतीपूर्ण'

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी के किरदार से मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने बताया है कि कई सालों तक कैमरे के सामने काम करने के बाद भी, उनके लिए एक्टिंग करना अभी भी एक चुनौती जैसा लगता है। उन्होंने कहा, 'मुझे 'संघर्ष' शब्द थोड़ा नेगेटिव लगता है, लेकिन अभिनय में हर समय हम आगे बढ़ते रहते हैं। कई साल काम करने के बाद भी कुछ न कुछ नया सीखना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सफर कभी खत्म नहीं होता, बल्कि समय के साथ और भी खास बनता जाता है। मुझे एक्टिंग कभी आसान नहीं लगती क्योंकि हर किरदार के अपने अलग भाव होते हैं। आप किसी और की जिंदगी में कदम रखते हो, और इसके लिए बहुत ईमानदारी और मेहनत करनी पड़ती है।

***'छोटी-छोटी बातों में खुशी ढूंढ़ती हूं'*** : लंबे शूटिंग और थकावट की स्थिति में वह खुद को किस तरह प्रेरित करती हैं, इस पर शुभांगी ने कहा, 'मैं खुद को याद दिलाती रहती हूं कि मैंने यह काम क्यों शुरू किया था। मुझे सच में अपने काम से बहुत प्यार है और जब दिन मुश्किल होते हैं, तो मैं छोटी-छोटी अच्छी बातों में खुशी ढूंढ़ती हूं, जैसे कोई जबरदस्त डायलॉग या बेहतरीन सीन। यही चीजें मुझे आगे बढ़ने में मदद करती हैं।

### टीवी के बदलते दौर पर की बात

शुभांगी अत्रे ने टीवी पर कहानी कहने के बदलते तरीके पर भी अपनी बात बताई। उन्होंने कहा कि आजकल के ज्यादातर टीवी शो असल जिंदगी से प्रेरित हैं, जिससे कलाकारों को ज्यादा गहराई वाले किरदार निभाने का मौका मिलता है उन्होंने कहा, 'टीवी पर कहानी कहने का बदलाव कलाकारों के लिए एक नया अध्याय जैसा है। अब किरदार जटिल और असली होते हैं। मुझे अच्छा लगता है जब मैं किसी भी किरदार के अलग-अलग पहलू दिखा पाती हूं। यह सब नया और बहुत मजेदार होता है।

### सोशल मीडिया व फीडबैक पर क्या बोलीं शुभांगी


शुभांगी ने सोशल मीडिया और फीडबैक के बारे में बात करते हुए कहा कि आजकल की भागदौड़ वाली दुनिया में दर्शकों की प्रतिक्रिया कभी-कभी प्रेरित करती है और कभी-कभी ज्यादा दबाव भी बना देती है। उन्होंने कहा, 'दर्शकों का प्यार ऐसा होता है जैसे फ्यूल, जो आपको आगे बढ़ने में मदद करता है लेकिन मैं कोशिश करती हूं कि इस दबाव में न आऊं।

## सारा अली खान की पिछली पांच फिल्मों में एक भी नहीं हुई फ्लॉप

**मुंबई।** पिछले काफी समय से अभिनेत्री सारा अली खान फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी यह फिल्म आखिरकार 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। अनुराग बसु के निर्देशन में बनी इस फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। आइए हम आपको सारा की सिनेमाघरों में आईं पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।

**'केदारनाथ'** : सारा ने साल 2018 में आई फिल्म 'केदारनाथ' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसमें उनकी जोड़ी दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के साथ बनी थी, जिसे काफी पसंद किया गया। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। 50 करोड़ रुपये में बनी फिल्म 'केदारनाथ' ने दुनियाभर में 96 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर देख सकते हैं।

**'सिम्बा'** : 'केदारनाथ' की सफलता के बाद सारा फिल्म 'सिम्बा' में नजर आई थीं, जिसके निर्देशक रोहित शेट्टी थे। सारा के साथ



इस फिल्म में रणवीर सिंह और सोनू सूद ने भी मुख्य भूमिका निभाई है। साल 2018 में आई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस सुपरहिट साबित हुई। 'सिम्बा' को बनाने में केवल 90 करोड़ रुपये लगे थे और इस फिल्म ने दुनियाभर में 390 करोड़ रुपये का कारोबार किया। सारा की यह फिल्म भी जी5 पर उपलब्ध है।

**'लव आज कल'** : साल 2020 में आई सारा की फिल्म 'लव आज कल' को काफी पसंद किया गया था। इसमें उनके जोड़ीदार कार्तिक आर्यन थे, वहीं रणदीप हुड्डा ने भी फिल्म में अहम भूमिका निभाई थी। इम्तियाज अली ने फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली थी। सारा की इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई की। 50 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'लव आज कल' ने दुनियाभर में 117.27 करोड़ रुपये जुटाए थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

**'जरा हटके जरा बचके'** : लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' में सारा की जोड़ी पहली बार अभिनेता विक्की कौशल के साथ बनी थी। यह फिल्म 2 जून, 2023 को दर्शकों के बीच आई थी और यह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। 'जरा हटके जरा बचके' ने दुनियाभर में 116 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि इस फिल्म का बजट 35 करोड़ रुपये था। जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म देखी जा सकती है।

## बॉक्स ऑफिस पर 'अल्फा' से टकराएगी अदिवी शेष की 'डकैत'

**मुंबई।** अदिवी शेष इन दिनों फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कहानी' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी मृणाल ठाकुर के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अनुराग कश्यप भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'डकैत' को 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना आलिया भट्ट की 'अल्फा' से होने वाला है। अब अदिवी ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।

### यह फिल्म जरूर चलेगी : अदिवी

बॉलीवुड हंगामा के साथ खास बातचीत में अदिवी ने 'डकैट' और 'अल्फा' के बीच टकराव पर कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई जानबूझकर किसी फिल्म के साथ टकराव करना चाहता है। रिलीज तारीख तय करते समय बहुत सारी चीजें सामने आती हैं। एक अच्छी फिल्म को देखने के लिए दर्शन सिनेमाघर आते ही हैं। अगर आप फिल्म को अच्छी तरह से बनाते हैं और इसका सही तरीके से प्रचार करते हैं, तो यह जरूर चलेगी।



### अदिवी ने आगे क्या कहा?

अदिवी ने आगे कहा, मुझे 'डकैत' के लिए साउथ के लोगों को भी ध्यान में रखना होगा, क्योंकि इसे हिंदी और तेलुगु में शूट किया जा रहा है। मेरी पहली हिंदी फिल्म 'मेजर' भी अक्षय कुमार की 'सम्राट पृथ्वीराज' और कमल हासन की 'विक्रम' से टकराई थी। 'डैकत' की बात करें तो इस फिल्म का निर्देशन शैनिल देव ने किया है। उधर, 'अल्फा' में आलिया के साथ शरवरी वाघ नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्देशक शिव रवैल हैं।

### 375 करोड़ के बजट पर बन रही यह फिल्म भारत की बड़ी फिल्मों में से एक

# 'कुली' में आमिर खान लेंगे रजनीकांत से सीधी टक्कर

***मुंबई।** आमिर खान फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन कर रही है। पिछले दिनों आमिर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न भी मनाया। फिल्म की कहानी से लेकर आमिर के अभिनय तक ने दर्शकों को उनका मुरीद बना दिया है, वहीं खुद आमिर ने भी फिल्म की सफलता से राहत की सांस ली है। इसी बीच अब रजनीकांत की फिल्म 'कुली' से उनकी पहली झलक सामने आ गई है।*

### 'दाहा' बनकर दिल जीतने आ रहे आमिर

पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि रजनीकांत की फिल्म में आमिर का जबरदस्त कैमियो होने वाला है, लेकिन किसी ने भी इस पर अपनी मोहर नहीं लगाई थी। अब आखिरकार फिल्म से आमिर का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिसे देख अभिनेता के प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है। आमिर बेहद कूल अंदाज में नजर आ रहे हैं और फिल्म में उनके किरदार का नाम 'दाहा' होने वाला है।



### देखने लायक होगी आमिर और रजनीकांत की भिड़ंत

'कुली' में कई जबरदस्त एक्शन सीन देखने को मिलेंगे। इनमें से एक सीन रजनीकांत और आमिर के बीच होगा, जिसमें दोनों के बीच एक तगड़ा टकराव देखने को मिलेगा। फिल्म में आमिर का किरदार भले ही 15 मिनट का हो, लेकिन इस सीक्वेंस को शूट करने के लिए उन्होंने पूरे 10 दिन की शूटिंग की है, क्योंकि वो सब कुछ बेहतरीन तरीके से करना चाहते थे। दोनों के इस सीक्वेंस में जोरदार डायलॉग्स और झन्नाटेदार एक्शन देखने को मिलेगा।

### भयंकर ट्विस्ट लेकर आएगा आमिर का कैमियो

आमिर भले ही फिल्म में कैमियो कर रहे हों, लेकिन यह 'कुली' की कहानी में एक भयंकर ट्विस्ट लेकर आएगा, कुछ ऐसा, जिसे देख दर्शकों के होश उड़ जाएंगे। 375 करोड़ रुपये के बजट पर बन रही 'कुली' भारत की बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म के निर्देशन की कमान लोकश कनगराज ने संभाली है। फिल्म को लेकर इतना उत्साह देखते हुए इसके इंटरनेशनल राइट्स भी 68 करोड़ रुपये में बिके हैं।

### 'वॉर 2' से बॉक्स ऑफिस पर भिड़ेगी 'कुली'

*'कुली' का सामना सिनेमाघरों में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2' से होगा। दरअसल, ये दोनों ही फिल्में इस साल 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली हैं। 'वॉर 2' के जरिए एनटीआर बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रहे हैं, वहीं कियारा आडवाणी भी इसका हिस्सा हैं। यशराज के स्पाई यूनिवर्स की ये फिल्म ब्लॉकबस्टर फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है। अब देखना होगा कि बॉक्स ऑफिस पर 'कुली' और 'वॉर 2' में कौन बाजी मारती है।*

